दिन–बुधवार दिनांक– 05 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुना। एनडीए सात जून को राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का पेश कर सकता है दावा।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सत्रहवीं लोकसभा भंग की। नई सरकार के गठन होने तक नरेन्द्र मोदी संभालेंगे कार्यवाहक प्रधानमंत्री का पद।

03. आईएनडीआईए गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक। चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर किया गया विचार–विमर्श।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में बारिश की संभावना जताई। दक्षिणी हिस्सा बना रहेगा शुष्क।

---

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुन लिया है। आज एनडीए के घटक दलों की सरकार गठन को लेकर दिल्ली में हुयी बैठक में इस पर सहमति बनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एनडीए सांसदों की अगली बैठक सात जून को होगी, जिसमें औपचारिक तौर पर श्री मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद श्री मोदी सात जून को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं। आज की बैठक में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के लिए आगे की रणनीति पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन.चंद्रबाबू नायडू समेत एनडीए के सोलह घटक दलों के इक्कीस नेता शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई घटक दलों ने अपना समर्थन पत्र प्रधानमंत्री को सौंप दिया है। भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह और अमित शाह को सहयोगी दलों के साथ नई सरकार के स्वरूप पर चर्चा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

---

जदयू ने कहा है कि पार्टी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए का पूरा समर्थन करती है। पार्टी प्रवक्ता के सी त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी ने जिस कारण से

विपक्षी गठबंधन छोड़ा था वह अब भी बना हुआ है और उसके साथ वापस जाने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा चाहती है।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सत्रहवीं लोकसभा भंग कर दी है। इससे पहले आज केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने दोपहर बाद हुई अपनी बैठक में राष्ट्रपति को सत्रहवीं लोकसभा तुरंत प्रभाव से भंग करने की सलाह दी थी। श्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा था और मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश की थी। राष्ट्रपति ने श्री मोदी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उन्हें अंतरिम व्यवस्था के तहत नए मंत्रिमंडल का गठन होने तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर बने रहने का अनुरोध किया।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज रात आठ बजे राष्ट्रपति भवन में निवर्तमान कैबिनेट मंत्रियों के लिए विदाई रात्रिभोज का आयोजन करेंगी।

———————————————————

आईएनडीआईए गठबंधन की आज दिल्ली में बैठक हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर विचार–विमर्श किया गया। । बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्‌टाचार्य भी शामिल हुए।

———————————————————

अठारहवीं लोकसभा चुनाव के परिणामों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को दो सौ बानवे सीटें मिली हैं। भाजपा ने अकेले दो सौ चालीस सीटें हासिल की है। तेलुगु देशम पार्टी को सोलह और जनता दल–यूनाईटेड को बारह सीटें मिली हैं। इंडी गठबंधन ने दो सौ तैंतीस सीटें जीती हैं। अन्य के खाते में अठारह सीटें गई हैं। कांग्रेस को निन्यानवे सीटें मिली हैं। समाजवादी पार्टी ने सैंतीस सीटें जीती हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस ने उनतीस और डीएमके ने बाईस सीटों पर विजय हासिल की है। बिहार में लोकसभा की सभी चालीस सीटों के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड बारह–बारह सीटों पर विजयी रही है। लोक जनशक्ति पार्टी

–रामविलास ने पांच, राष्ट्रीय जनता दल ने चार, कांग्रेस ने तीन और भाकपा–माले ने दो सीट जीती है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, विकासशील इंसान पार्टी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा का खाता नहीं खुल सका।

————————————————————

भाजपा के विजयी उम्मीदवारों में पश्चिम चम्पारण संसदीय क्षेत्र से डॉक्टर संजय जायसवाल, पूर्वी चम्पारण से राधा मोहन सिंह, बेगूसराय से गिरिराज सिंह, पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद, उजियारपुर से नित्यानंद राय, नवादा से विवेक ठाकुर, महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रिवाल शामिल हैं। वहीं, सारण से राजीव प्रताप रूडी, मुजफ्फरपुर से राज भूषण चौधरी निषाद, मधुबनी से अशोक कुमार यादव, दरभंगा से गोपालजी ठाकुर और अररिया से प्रदीप कुमार सिंह ने जीत हासिल की है। इधर, जदयू के विजयी उम्मीदवारों में वाल्मीकिनगर से सुनील कुमार, शिवहर से लवली आनंद, सीतामढ़ी से देवेश चन्द्र ठाकुर, गोपालगंज से डॉक्टर आलोक कुमार सुमन, सीवान से विजयलक्ष्मी देवी, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सुपौल से दिलेश्वर कामैत, मधेपुरा से दिनेश चन्द्र यादव, भागलपुर से अजय कुमार मंडल, बांका से गिरिधारी यादव, मुंगेर से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और नालंदा से कौशलेन्द्र कुमार शामिल हैं। दूसरी ओर लोजपा रामविलास के सभी पांच उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। हाजीपुर सीट से चिराग पासवान, जमुई से अरूण भारती, खगड़िया से राजेश वर्मा, समस्तीपुर से शांभवी चौधरी और वैशाली से वीणा देवी विजयी रही हैं। इसके साथ ही गया सीट पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा–सेक्युलर के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी विजयी रहे हैं। इधर, राजद के विजयी उम्मीदवारों में पाटलिपुत्र से मीसा भारती, बक्सर से सुधाकर सिंह, जहानाबाद से सुरेन्द्र प्रसाद यादव और औरंगाबाद से अभय कुमार सिन्हा शामिल हैं। कांग्रेस के जिन उम्मीदवारों को सफलता मिली है, उनमें सासाराम से मनोज कुमार, कटिहार से तारिक अनवर और किशनगंज से मोहम्मद जावेद शामिल हैं। भाकपा–माले के दो उम्मीदवारों काराकाट से राजा राम सिंह और आरा से सुदामा प्रसाद को जीत मिली है। वहीं, एक मात्र निर्दलीय उम्मीदवार राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट पर जीत हासिल की।

————————————————————

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि बिहार में कांग्रेस के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी को कमजोर करने वाले लोगों को निष्कासित किया जाएगा। उन्होंने कहा

कि चुनाव के दौरान कुछ लोगों ने कांग्रेस में रहकर विरोधियों की मदद की। ऐसे लोगों की पार्टी जांच करवा रही है।

———————————————————————

राज्य के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाल्मीकिनगर में सबसे अधिक छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, आज दोपहर बाद सुपौल, दरभंगा, अररिया, सीतामढ़ी और मधुबनी जिले के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। साथ ही अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डिहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

देश में वर्ष– दो हजार तेईस–चौबीस में कुल खाद्यान्न उत्पादन तीन हजार दो सौ अट्ठासी लाख टन से अधिक होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी प्रमुख कृषि फसलों के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, चावल का कुल उत्पादन एक हजार तीन सौ सड़सठ लाख टन हो सकता है। वहीं, गेंहू का उत्पादन एक हजार एक सौ उनतीस लाख टन से अधिक होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष की तुलना में तेईस लाख टन से अधिक है। आकाशवाणी से बातचीत में कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर संतकुमार चौधरी ने बताया कि अरहर दाल के उत्पादन को लेकर चौंतीस लाख टन का अनुमान रखा गया है।

———बाईट———

किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जो 2023–24 के प्रमुख कृषि फसलों के उत्पादन का तीसरा अग्रिम अनुमानित जारी किया गया है। वह यह दर्शाता है कि लगभग सभी फसलों में वृद्धि हो रही है। कृषि प्रधान देश है जो पिछले पांच वर्षों के औसत खाद्यान्न उत्पादन से दो सौ 11 लाख मैट्रिक टन अधिक है। यह जो उत्पादन अधिक दिख रहा है। गावर्नमेंट का जो पॉलिसी है, वो बहुत ही ज्यादा कारगर साबित हुआ है। गावर्नमेंट के पॉलिसी, गावर्नमेंट का जो सपोर्ट मिल रहे हैं किसानों को उससे किसान, और किसानों ने जो अथक प्रयास किया है। जिसका यह फल है।

——————————————————————

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने पृथ्वी पर जीवन संरक्षण के लिए उन्नीस सौ तिहत्तर से प्रत्येक वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नई दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री ने बुद्धा जंयती पार्क में पौधा रोपण किया। श्री मोदी ने प्रत्येक देशवासी से अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। श्री मोदी ने इससे संबंधित तस्वीर हैशटैग प्लांट फॉर मदर और हैशटैग एक पेड़ मां के नाम के साथ, साझा करने की अपील की है। इधर, राजधानी पटना समेत सभी जिला मुख्यालायों में पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

——————————————————————

आज संपूर्ण क्रांति दिवस है। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। आज ही के दिन लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था। मुख्य राजकीय समारोह पटना के जे.पी. गोलम्बर पर आयोजित किया गया।

——————————————————————

समस्तीपुर शहर के भोला टॉकिज रेल गुमटी के पास टूटी पटरी देख लाल गमछा दिखाकर बाघ एक्सप्रेस ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाने वाले तेरह वर्षीय बालक मोहम्मद शाहबाज को रेलवे ने सम्मानित किया है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शाहबाज ने अपनी बहादुरी से ट्रेन को दुघर्टनाग्रस्त होने से बचाया। वह युवाओं और अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है।

———बाईट———

इधर, आकाशवाणी से बातचीत में मोहम्मद शाहबाज ने उस दिन के घटना की विस्तार से जानकारी दी।

———बाईट———

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, एनडीए ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सर्वसम्मति से संसदीय दल का नेता चुना। एनडीए सात जून को राष्ट्रपति के समक्ष सरकार बनाने का पेश कर सकता है दावा।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सत्रहवीं लोकसभा भंग की। नई सरकार के गठन होने तक नरेन्द्र मोदी संभालेंगे कार्यवाहक प्रधानमंत्री का पद।

03. आईएनडीआईए गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक। चुनाव नतीजों और आगे की रणनीति पर किया गया विचार–विमर्श।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में बारिश की संभावना जताई। दक्षिणी हिस्सा बना रहेगा शुष्क।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।